Regarding establishment of a Kendriya Vidyalaya in Shahpura, Bhilwara

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा की शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय खोला जाना अतिआवश्यक हैं भीलवाड़ा के बाद शाहपुरा सबसे बड़ा शहर है तथा शाहपुरा विधानसभा अनुसूचित जाति के आरिक्षत है । शाहपुरा रियासत काल से ही शिक्षा का बड़ा केन्द्र रहा है, भीलवाड़ा जिले का जिला शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान भी वही स्थित है । आजादी के आन्दोलन में शाहपुरा को बारहठ बन्धुओ के बलिदान के कारण से याद किया जाता है । शाहपुरा और आस पास के क्षेत्र में सैनिक एवं पूर्व सैनिक के परिवारो की संख्या भी काफी है । शाहपुरा अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय का प्रमुख तीर्थ है, तथा आर्य समाज का भी मुख्यालय रहा है । इसलिए शाहपुरा क्षेत्र के ऐतिहासिक, राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक एवं सामरिक महत्व को देखते हुए शाहपुरा में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान करें ।